ں۔ منسٹر صاحب سے پوچھنا چاہتا ہوں
سے کی پیداوار کے بڑھنے اور گھٹنے کے سائیکل
کو کسی یونیفارم سطح پر لانے کے سمبندھ
میں کوئی پالیسی بنا رہے ہیں؟]

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव:** मैडम, जहां तक गन्ने की दावार है, पिछले कई वर्षों में मई तक मिलें चली हैं, पर स बार अभी तक उत्तर प्रदेश में हमारी 4-6 मिल चल ही हैं। 101 मिल 7 जुलाई तक चल रही थीं क्योंकि न्ना ज्यादा पैदा हुआ और क्रशिंग लेट तक करने का हम इंतजाम किया। हमें गन्ना किसानों को भुगतान करना ा। यह बैलेंस करने के लिए सम्यक रूप से इस पर चार किया जाएगा कि वह सायकिलक ऑर्डर में रहे योंकि टाइम से होने से इसके प्रोडक्शन पर भी और ष्ट्रीय स्तर पर जो प्रोडक्शन है, उसका इससे संबंध जुड़ा आ है। हम इस पर सम्यक रूप से विचार करेंगे।

**श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे:** मैंने स्पेसिफिकली छा था कि शुगर डवलपमेंट फंड किसानों के लिए है रि आपने कहा कि रिकवरी बढ़ाएंगे, लेकिन आज सवाल कवरी का नहीं है। कई जगह रिकवरी अच्छी है और ई जगह नहीं है, लेकिन जो एक हजार करोड़ रुपया ापके पास है, वह किसानों का ही पैसा है। दूसरे किसी ा नहीं है।

जब ऐसी कठिनाइयां आ गई हैं तो उसमें टेम्परेरी लोन जरिए आप स्टेट गवर्नमेंट को मदद देने का प्रयास करें। र तरह का सुझाव मैंने रखा था। ऐसी चिट्ठियां महाराष्ट्र वर्नमेंट ने आपको लिखी हैं। मैं इतना ही आपसे कहूंगा ; आपकी मिनिस्टरी और आप खुद महाराष्ट्र का जो यह ानी का प्रश्न है उसमें ध्यान दें। यही मैं आश्वासन चाहता ।

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव:** महोदया, यहां तक स॰डी॰एफ॰ का सवाल है, सुगर डवलपमेंट फंड का वाल है, माननीय सदस्य ने पहले यह चिंता जाहिर की और एस॰डी॰एफ॰ का मैंने पहले ही बताया था कि क्सपेंशन और मोडर्नाइजेशन पर ज्यादा इसमें लगाया ता है। जो भी आपके राज्य की डिमांड आई होगी और हां तक मिलों की स्थिति का है, मैं तो समझता हूं कि ापके यहां महाराष्ट्र में 110 मिल हैं और इन 110 मिल 104 तो सहकारी मिल हैं, शेष 6 मिल बचती हैं। इसमें सहकारी मिल हैं उसकी क्या स्थिति है, आप एक्सपेंशन के लिए मोडर्नाइजेशन के लिए कि बावत एस॰डी॰एफ॰ से पैसा चाहते हैं, उसको स्पष्ट करके आप भेजें। यदि एस॰डी॰एफ॰ के केस की कोई चीज हमारे पास होगी, इसमें मैं समझता हूं कि मैं इसको देख लूंगा और आपका क्या प्रस्ताव है इस पर मैं विचार करुंगा इस दृष्टि से।

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): I hope that the Members who have participated in the Calling Attention Motion are quite satisfied with the answer. We shall now take up the Private Members' Resolution.

---

## PRIVATE MEMBERS' RESOLUTION

### Resolution for Evolving a mechanism to Tackle Corruption

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): It is going to be quarter past three.

We will have it for two-and-half hours from now. Shri Ramdas Agarwal.

**श्री रामदास अग्रवाल** (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपकी इजाजत से जो मैंने संकल्प प्रस्तुत किया था, उसको और अधिक प्रभावी और उपयोगी बनाने की दृष्टि से उसमें थोड़ा सा और परिवर्तन करने की इजाजत आपसे चाहता हूं और वह टैस्ट इस प्रकार से है, जो मैं आपके सामने पढ़कर आपकी अनुमति के बाद बोलना चाहूंगा:—

> "Having regard to the fact that corruption is increasing day-by-day endangering democracy and lowering the political and ethical standards, this House resolves that there is an imminent necessity to evolve a mechanism to tackle the problem."

मुझे आशा है कि आप इसकी इजाजत देंगी।

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे):** क्या सदन इस चीज की इजाजत देता है?

**एक माननीय सदस्य :** जी हां।

**श्री सतीश अग्रवाल (राजस्थान) :** हां जी, कोई आपत्ति नहीं है।

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे):** धन्यवाद। बोलिए, रामदास अग्रवाल जी।

SHRI RAMDAS AGARWAL: Madam, I move:

---

ransliteration in Arabic Script

"That having regard to the fact that corruption is increasing day-by-day endangering democracy and lowering the political and ethical standards, this House resolves that there is an imminent necessity to evolve a mechanism to tackle the problem."

उपसभाध्यक्ष महोदया, आज मुझे संकल्प प्रस्तुत करने का, 6 साल के मेरे सांसद के जीवन में, पहली बार मौका मिला है। मैं आपका आभारी हूं। मैं जब 1990 में इस सदन का सदस्य बनकर आया तो मुझे इस बात का बड़ा गौरव और गर्व अनुभव हुआ कि मैं इस सम्मानित संसद का सदस्य बनने जा रहा हूं। मेरे मन में यह कल्पना थी कि संसद में, जहां देश के सम्मानित, देश के संभ्रांत, सुजान और योग्यतम व्यक्ति निर्वाचित होकर आते हैं और जिन पर देश का नेतृत्व करने का, देश का संचालन करने का भार रहता है उन लोगों के बीच में बैठकर, मुझे कुछ ऐसी बातें करने का अवसर मिलेगा, जिससे देश के अंदर जो विपदाएं और कठिनाइयां पैदा हुई हैं उनका समाधान मिले।

महोदया, यह केवल मेरा ही विचार नहीं था, जिस समय भारत आजाद हुआ, आजादी की लड़ाई लड़ी गई, उस समय जिन महानुभाव ने, जिन महापुरुषों ने भारत की आजादी के लिए संघर्ष किया उनका भी विचार था, उसमें चाहे लोकमान्य तिलक रहे हों, गोखले रहे हों, सुभाष चन्द्र बोस रहे हों, महात्मा गांधी रहे हों, जवाहर लाल नेहरु रहे हों, डा॰ श्यामाप्रसाद मुखर्जी रहे हों, आचार्य कृपलानी रहे हों, डा॰ अम्बेडकर रहे हों। महोदया, मैं आज इस बात को इसलिए याद करना चाहता हूं क्योंकि जो मैंने संकल्प प्रस्तुत किया है वह मैंने आलोचनात्मक दृष्टि को सामने रखकर प्रस्तुत नहीं किया है, मैंने उसमें परिवर्तन भी कुछ जानबूझ कर किया है।

मैं ऐसी बहस सदन के सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं, अपने माननीय सदस्यों के सामने कि हम उस सपने को, उस कल्पना को याद करें कि भारत को आजादी दिलाने वाले लोगों के मन में जिन्होंने इस देश को आजादी दिलाई, भारतवर्ष की क्या कल्पना थी और आज आजादी के 50 वर्ष बाद क्या हम भारतवर्ष का चित्र उनकी कल्पना अनुकूल बना पाए हैं? यह एक आलोचना का सवाल नहीं है, लेकिन यह आत्म-चिंतन, मंथन और विवेचन का विषय है। यदि हम सब यह अनुभव करते हैं कि हमने महात्मा गांधी और हमारे देश के उन महान सपूतों की कल्पना के अनुसार भारत की रचना कर ली है, उस ओर हम बढ़ रहे हैं। तो बहस समाप्त हो जाती है। लेकिन मैं ऐसा मानता हूं, मेरे इस विचार से सदन भी सहमत होगा, कि वे कल्पनाएं केवल कागजी रह गई हैं, वह कल्पनाएं अधूरी रह गई हैं, वे सपने साकार नहीं हो पाए हैं। क्यों नहीं हो पाए हैं? उसके कारण ढूंढने पर हम पचासों वह के विषय निकाल लेंगे, हम तर्क-वितर्क कर सकते हैं, आरोप-प्रत्यारोप लगा सकते हैं, एक-दूसरे के चेहरे पर कालिख पोत सकते हैं, लेकिन देश के भविष्य का निर्माण इससे नहीं हो सकता। इसलिए, महोदया, मैंने यह विषय जान-बूझकर आज सदन के सामने रखा है कि उन महापुरुषों की भावनाओं के अनुरूप देश का निर्माण करने में हम क्यों सफल नहीं हुए, हमें इस बात का विचार करना पड़ेगा कि यह हुआ क्यों नहीं? संसद मौजूद थी, सांसद मौजूद थे, गवर्नमैंट मशीनरी मौजूद थी, पैसा मौजूद था, कर्जा लिया गया था, मंत्री थे, प्रधान मंत्री थे, प्रशासनिक मशीनरी थी, सब कुछ था इस देश में, लेकिन सब कुछ होने के बाद भी आज हम महात्मा गांधी के उस "राम राज्य" की कल्पना से चलते-चलते "बैंडिट क्वीन" के राज तक आ गए हैं। आज हम उस कल्पना से चलते-चलते, जहां इंदिरा गांधी जी की हत्या हुई थी, निमर्म हत्या हुई थी, नयना साहनी हत्याकांड तक पहुंच गए हैं। यह क्या हमारी तरक्की का रास्ता है जिस पर चलने का विचार किया था? क्या यह कल्पना थी हमारी कि हम अपने देश को इस स्तर तक पहुंचाएंगे? जहां पंडित नेहरु के समय पर केवल 10,000 के घोटाले पर —जो केशव देव मालवीय पर, उनके केन्द्रीय मंत्रि-मंडल के माननीय सदस्य पर सदन में आरोप लगा, किसी अखबार में आया—पंडित जवाहर लाल नेहरु ने देश के प्रजातंत्र के लिए, देश के नैतिक मूल्यों को कायम करने के लिए, देश की नैतिकता को बरकरार रखने के लिए एक छोटी-सी इंक्वायरी कराकर अपने मंत्रि-मण्डल से केशव देव मालवीय को हटा दिया था। यहां बहुत सारे बंधु हैं जो उन्हें मानते हैं।, देश के प्रधान मंत्री के नाते मेरी भी उनमें श्रद्धा है और मैं यह ऐप्रिसिएट करना चाहता हूं कि उन महानुभावों ने देश के अंदर नैतिक मूल्यों को बरकरार रखने के लिए अपने मंत्रि-मंडल के अपने निकटतम सहयोगी को केवल 10,000 रुपए के लिए मंत्रि-मंडल से बर्खास्त कर दिया था और आज 10,000 करोड़ रुपए का घोटाला होने के बाद भी कोई मंत्री त्याग-पत्र देने को तैयार नहीं, आज कोई प्रधान मंत्री उसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं। एक-एक घोटाले की चर्चा मैं नहीं करना चाहता लेकिन मैं निवेदन करना चाहता हूं कि नैतिक मूल्यों का ह्रास इस देश में कितना हो गया है। हम कहां जाना चाहते हैं? आखिर यदि इस देश की राजनीति को हम ऐसे स्तर तक ले जाना चाहते हैं जहां पर रक्षक भक्षक बन जाएं, जहां पर बाढ़ ही खेत को खाने लग जाए, जहां पर कितना भी

हल्ला मचाएं, भ्रष्टाचार के आरोप लगाएं, तथ्यों से लगाएं, वास्तविक लगाएं, सच आरोप लगाएं, सच आरोप साबित हो जाएं, उसके बाद भी सरकार के कान पर जूं नहीं रेंगती।

उसके बाद भी सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगती मानो कान में तेल डाल कर बैठे हों। सरकार सुनना ही नहीं चाहती। हर आदमी एक-दूसरे पर आरोप लगा रहा है। आज ऐसी स्थिति बन गई है कि देश के किसी भी भाग में रहने वाला व्यक्ति किसी पर भी खुलेआम आरोप लगा सकता है और आरोप कितना झूठा है, कितना सच्चा है, इसका पता नहीं लेकिन आज केवल आरोप लगाने की भाषा का इस्तेमाल होता है।

महोदया, रोज सुबह हम अखबार पढ़ते हैं, बरसों से पढ़ते आ रहे हैं। कहीं भ्रष्टाचार का आरोप किसी प्रदेश में लग रहा है, कहीं दिल्ली में लग रहा है। आरोप पर आरोप लगाए जा रहे हैं। हम सबने एक दूसरे के मुंह पर कालिख पोतने का काम तो कर लिया। अब इस देश के अंदर राजनीतिज्ञों में से ईमानदार राजनीतिज्ञ को ढूंढना कितना कठिन है, यह हम सब जानते हैं। आखिर राजनीतिज्ञों की यह स्थिति क्यों बन रही है? आखिर हम पर इस प्रकार के आक्षेप क्यों लग रहे हैं? आखिर न्यायालय आज राजनीतिज्ञों को कटघरे में खड़ा करके क्यों उनसे और चीजें उगलवाने का प्रयत्न कर रहे हैं? क्यों नहीं प्रशासनिक मशीनरी ने अपना काम किया? क्यों नहीं प्रशासनिक तंत्र ने, विधायिका ने अपनी जिम्मेदारी को पूरा किया? क्यों नहीं होंने लोगों को सजाएं दीं? क्यों नहीं उन्होंने अपराधियों को कटघरे में खड़ा किया? क्यों नहीं उनके खिलाफ कार्यवाही की?

महोदया, जब कार्यवाही नहीं हुई तो लोगों ने सीधे न्यायालयों के दरवाजे खटखटाए। तो फिर न्यायालयों ने विधायिका के काम में हस्तक्षेप किया। मैं उस बहस में नहीं जाना चाहता। यह बहस दूसरे सदन में चल रही है लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि न्यायालयों ने हमारे काम में क्यों हस्तक्षेप किया? इसलिए किया कि विधायिका अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने में असमर्थ रही। जिस सरकार पर यह दायित्व था, वह सरकार अपने फर्ज को अंजाम देने में असफल रही और इसी के कारण सुप्रीम-कोर्ट में एक केस के मामले में जजों को कहना पड़ा कि सी॰बी॰आई॰ सीधे हम लोगों को रिपोर्ट करे। वैसे सी॰बी॰आई॰ प्रधानमंत्री के नीचे काम करती है। लेकिन सुप्रीम-कोर्ट को कहना पड़ा कि सी॰बी॰आई॰ आगे से इन मामलों में सीधे सुप्रीम-कोर्ट को जवाब देगी। यह क्या मजाक है? देश में शासन इस तरह से चल सकता है क्या? क्या देश के अंदर प्रशासन इस ढंग से चलाया जा सकता है? क्या देश को सही ढंग से नेतृत्व दिया जा सकता है इस प्रकार से?

कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका, इनके कामों में अगर कहीं दखल होता है तो इसका मतलब यह है कि उसमें कोई न कोई खामी, कोई न कोई कमजोरी अवश्य उत्पन्न हो गई है। महोदया, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि आज देश के अंदर विधायिका का जो कार्य है वह इतना कमजोर बन गया है, इतना निकम्मा बन गया है, इतना अक्षम बन गया है कि वह किसी प्रकार का निर्णय लेने में असमर्थ है। मुझे प्रशासन की यह मजबूरी समझ में नहीं आती। आखिर क्या वजह है कि हमारे पास सब कुछ अधिकार होते हुए भी देश के अंदर बलात्कार, भ्रष्टाचार, अनाचार, दुराचार और सभी प्रकार के गलत आचार बढ़ रहे हैं? यह स्थिति क्यों बन गई है? हमारे पास सब ताकत है, हमारे पास पूरी क्षमता है लेकिन क्षमताओं के होने के बावजूद इस देश के अंदर आज स्थिति ऐसी बन गई है कि देश का हर आदमी आज ब्लैक-मार्केटियर बनता दिखाई दे रहा है। उसे यदि चीनी खरीदनी है तो ब्लैक-मार्केट से खरीदनी पड़ती है। उसे अगर कोर्ट में जाकर तारीख निकलवानी है तो भ्रष्टाचार करना पड़ता है। उसे किसी दफ्तर में जाकर कोई काम करवाना है तो उसे रुपया खर्च करना पड़ता है।

महोदया, आज जीवन के हर अंग में, सामाजिक व्यवस्था के हर ढांचे में भ्रष्टाचार प्रवेश कर गया है। मैं स्कैम्स की बात नहीं करना चाहता हूं। मैं स्कैम्स की बात करुंगा तो फिर वही बातें दोहराई जाएंगी। महोदया, पिछले 5-6 बरसों में हमने इतने स्कैम्स देख लिए हैं कि अब स्कैम के नाम से घृणा होने लगी है। किसी भी स्कैम की बात हम देखें। दस हजार करोड़ रुपए का बैंक घोटाला हो गया।

महोदया, सिक्योरिटी स्कैम हो गया और यह तथ्य आपके सामने रखना चाहूंगा कि संसद ने जोइंट पार्लियामेंट्री कमैटी बनाई कि जो घोटाला हुआ है उनके बारे में जांच की जाए, जांच करने के बाद अपराधियों को सजा दी जाए, जो लोग उसमें सम्मिलित हैं उनको दंड दिया जाए। लेकिन महोदया, जे॰पी॰सी॰ की रिपोर्ट आए कई महीने हो गए लेकिन अभी तक उसके बारे में केवल कार्रवाई की चर्चा चलती है कि हम कार्रवाई करेंगे, हम लोगों को सजा देंगे, ऐसा संकल्प बार-बार सदन को दिया जाता है, ऐसा आश्वासन दिया जाता है। लेकिन कार्रवाई नहीं होती है। तो लोग इसीलिए परेशान हैं, लोग इसीलिए दुखी हैं, लोग इसीलिए निराश और हताश हैं। अगर न्याय लेना है,

किसी को सजा दिलानी है उसके अपराध की, तो यह विधायिका नहीं दे सकेगी, शायद यह संसद भी नहीं दे सकेगी इसलिए वह न्यायपालिका का दरवाजा खटखटाता है। आखिर यह स्थिति क्यों आई। महोदया, मैं आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि इस देश के अंदर इस प्रकार के वातावरण को बदलने की आवश्यकता है। अगर इस वातावरण को बदला नहीं गया तो मुझे डर है कि मैं भी उनमें से राजनीति में काम करने वाला एक कार्यकर्ता हूं, मुझे डर है इस बात का कि हमारा यह प्रजातंत्र खतरे में पड़ जाएगा। हम लोग जनता के सामने मुंह दिखाने की स्थिति में नहीं रह पाएंगे। गलत काम कोई और करेगा और परिणाम किसी दूसरे को भुगतना पड़ेगा। सब बेइमान नहीं हो सकते, सब चोर और भ्रष्टाचारी नहीं हो सकते, इस देश में ऐसा कभी नहीं हुआ। इस देश के अंदर इतिहास साक्षी है कि अगर रावण पैदा हुआ था तो राम भी पैदा हुआ, अगर कंस पैदा हुआ था तो कृष्ण भी पैदा हुआ और यदि अनाचार बढ़ा था तो बुद्ध भगवान और महावीर भगवान पैदा हुए थे इसलिए मैं ऐसा नहीं कह सकता अपने देश के बारे में, इस महान देश के बारे में कि सभी लोग अब बेईमानी की ओर बढ़ गए हैं। इस देश के अंदर ईमानदार लोग बहुत हैं। ईमानदार लोग चाहते हैं कि हमारी ईमानदारी बरकरार रहे, ईमानदार लोग चाहते हैं कि हमारा प्रशासन स्वच्छ बने, ईमानदार लोग चाहते हैं कि इस देश के अंदर जो पैसा खर्च किया जाता है वह ईमानदारी से खर्च किया जाए। लेकिन मुझे दुख है कि वास्तविकता से दूर हटकर और हमारे यहां पर मुझे याद आता है राजीव गांधी जी राजस्थान गए थे.....(व्यवधान)....

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE) : Mr. Minister silence please.

**श्री रामदास अग्रवाल:** शायद मंत्री जी के मतलब की बात नहीं है क्योंकि नैतिकता का मामला है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि राजीव गांधी जी ने राजस्थान के उदयपुर में एक बात कही थी। कांगेस के सब बंधु इस बात के साक्षी हैं हमारे शीशराम जी भी बैठे हैं, उनको भी पता है। उन्होंने यह कहा था कि जो एक रुपया दिल्ली से चलता है वह कंज्यूमर तक पहुंचते-पहुंचते, उपभोक्ता तक पहुंचते-पहुंचते, नागरिक तक पहुंचते-पहुंचते वह केवल 15 पैसे रह जाता है, 85 पैसा डकार लेते हैं, 85 पैसा हड़प लिया जाता है, कुछ लोगों की जेब में चला जाता है। वह राजनीतिज्ञ भी हैं, वह सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं, वह प्रशासन और प्रशासन के अधिकारी भी हैं। उन सब की जेबों में वह पैसा चला जाता है और जब वह पैसा चला जाता है तो फिर वह क्या काम करेगा? वह अपराधियों को पैदा करेगा। यह क्या हुआ-चोरी का पैसा आपराधीकरण की प्रवृत्ति को विकसित करेगा, यह क्या हुआ-वह पैसा समाज के अंदर असामाजिक तत्वों को संरक्षण देने का काम करेगा जो आज प्रत्यक्षतम् देख रहे हैं। महोदया, आज हम देख रहे हैं कि राजनीति में अपराधीकरण की कितनी बड़ी भूमिका हो रही है। आज अपराधियों और राजनीतिज्ञों के बीच में किस प्रकार से वोहरा कमेटी ने रिमार्क्स दिए हैं। मैं नहीं समझता कि किसी भी सरकार के लिए ऐसा कोई समय हो सकता है, ऐसी शर्मनाक स्थिति मैंने किसी सरकार की नहीं देखी कि जिसके अधिकारी यह कहें कि राजनीति में, सत्ता में रहने वाले लोगों का अपराधियों के साथ सांठगांठ है और देश के अंदर अगर अपराध बढ़े हैं, अपराधियों के गैंग्स बढ़े हैं, असामाजिक तत्वों की कार्यविधियां बढ़ी हैं तो उसके कारण ही राजनीतिज्ञ लोग उनको संरक्षण देते हैं। राजनीतिज्ञ अगर संरक्षण देगा तो जैसा मैंने कहा कि अगर रक्षक ही भक्षक बन जाएगा तो इस देश को कौन बचाएगा। महोदया, अगर स्मगलिंग हो करके ए॰के॰ 47 या ए॰के॰ 57 और ड्रग्स आ सकते हैं, हवाई जहाज के द्वारा ऊपर से हथियार गिराए जा सकते हैं। तो इसे देश के अंदर फिर क्या बचेगा।

आखिर हम सब महानुभाव जो सांसद में बैठते हैं, उन सब के लिए यह बड़े गंभीर चिंतन का विषय है कि क्या इस देश के अंदर ये सब गतिविधियां चलनी चाहिएं? क्या भ्रष्टाचार चलना चाहिए? क्या नौजवान को हताश, निराश होकर घर बैठ कर असामाजिक तत्वों के साथ मिल कर समाज में काम करना चाहिए? क्या उसको हम रास्ता नहीं दिखाएंगे? क्या हम उसको सही रास्ते पर नैतिकता दिख कर देश का अच्छा नागरिक नहीं बनाएंगे? क्या हम इसी प्रकार से लगातार भ्रष्टाचारों की बौछार एक-दूसरे पर करते रहेंगे? कलंकित करते रहेंगे राजनीति को, राजनेताओं को? क्या इस पर विचार करने की आवश्यकता नहीं है?

महोदया, मैं बहुत सारे तथ्य दे सकता हूं जो किताबों में लिखे हुए हैं। मैंने जितनी बातें आपके सामने कही हैं मैंने अपनी तरफ से कुछ नहीं कहा है। मुझे आश्चर्य हुआ है, अभी यह सरकार जुम्मे-जुम्मे चार दिन की सरकार है और इस सरकार के बनते ही यह कोजैन्ड्रिक्स का मामला आ गया। इनके ही सांसदों ने आरोप लगा दिया। मैंने नहीं लगाया, मेरी पार्टी ने प्रधान मंत्री पर आरोप नहीं लगाया क्योंकि हम समझते हैं कि अभी आए हैं, उनको बैठने चाहिए, उनको उचित अवसर देना चाहिए। उनके कारनामे कर्नाटक में जो रहे होंगे, उसकी हमने चर्चा नहीं की। एक बड़ी राजनीतिक पार्टी के नाते, एक उत्तरदायी पार्टी के नाते हमने अपने दायित्व को निभाया है लेकिन उन्हीं के

पार्टी के लोग उन्हीं के प्रधानमंत्री को न जाने क्या-क्या कह रहे हैं? हम नहीं चाहते हैं ऐसा। हम चाहते हैं कि आखिर एक नई सरकार बनी है, उन्हीं की पार्टी के लोग कहते हैं कि इनके मंत्रिमंडल में पांच-सात लोग हैं जिन पर आरोप हैं, उन पर हत्या के आरोप हैं, बलात्कार के आरोप हैं, उनके ऊपर न जाने किस-किस प्रकार के असामाजिक कार्यकलापों के आरोप हैं? मुझे आश्चर्य होता है। एक मंत्री को तो जाना पड़ा इसीलिए। महोदया, यह क्या है कि इस देश के अंदर ऐसी परिस्थिति बन गई है और हम भ्रष्टाचार की बात जब करते हैं तो एक ओर सबसे ज्यादा शर्मनाक जिसे मैं कहना चाहूंगा, वह हत्याकांड हुआ था हमारे देश के एक प्रदेश में जिसका नाम बिहार है। बिहार के अंदर बेचारे जो बोल नहीं सकते, हमारा आज राशन कट जाए तो हम बोल सकते हैं, आज हमें खराब चीनी, खराब अनाज मिले तो हम सदन में आ कर चिल्ला सकते हैं, आज हमें बिजली, पानी न मिले तो हम रो सकते हैं आपके सामने आकर लेकिन वे बेचारे पशु जिनके चारे में पैसा खा गए, इससे ज्यादा पतन इस देश में राजनीति का और क्या होगा? इससे अधिक पतन और कहां जाएगा? कौन सी सीमा होगी पतन की? ... (व्यवधान)...

**श्री सनातन बिसि (उड़ीसा)** : मैडम, मेरा एक प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है।

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव खाद्य मंत्री तथा नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री:** मेरा एक प्वाइंट ऑफ इनफार्मेशन है।

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे)** : क्या प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है?

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव** : इसमें एक प्वाइंट ऑफ इनफार्मेशन है। माननीय सदस्य बोल रहे हैं, अपनी बात बोलने की बिलकुल आज़ादी है। चारे का सवाल नहीं है, सवाल है जो ट्रेज़री है, उसकी लूट हुई है। मतलब जालसाज़ी से पेमेंट लूट लिया है अधिकारियों ने। बिहार सरकार ने चालीस लोगों को ...(व्यवधान)...

**श्री रामदास अग्रवाल** : हिन्दी में श्लेषार्थ ढंग से भी कुछ बातें कही जाती हैं जो सीधी समझी जाती हैं। इसलिए मैं कह रहा हूं कि पशुओं का चारा ...(व्यवधान)... पशुओं का चारा तो आप नहीं खा सकते। ...(व्यवधान)...

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव** : पूरे देश में आपकी बात जा रही है इसलिए इस जानकारी को सही-सही रूप में रखा जाए, यही मैं कह रहा हूं।

**श्री सनातन बिसि** : मैडम, मेरा एक प्वाइंट ऑफ ऑर्डर था।

SHRI SANATAN BISI: Madam, a point of order. This matter cannot be mentioned because this is sub-judice. (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Where is the question of point of order?

SHRI SATISH AGARWAL: He is only making a passing remark. He is not going into the merits of the case. (*Interruptions*) He is only citing certain incidents like fodder scam ....(*Interruptions*)....

**श्री रामदास अग्रवाल** : सब-ज्यूडिस के नाम पर बचने की कोशिश मत कीजिए। मैंने ऐसा कोई मामला नहीं कहा है। ...(व्यवधान)...

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): Mr. Bisi, you yourself are a very renowned lawyer and you know it.

SHRI SANATAN BISI: Madam, I have not submitted anything wrong.

THE VICE-CHAIRMAN (MISS SAROJ KHAPARDE): But the hon. Member has not said anything wrong. He was just making a passing remark. Why there should be any misunderstanding?

**श्री रामदास अग्रवाल** : महोदया, मैंने जो आपके सामने निवेदन किया मेरा सीधा अर्थ यह है कि आज जिस प्रकार के घोटाले, महाघोटाले, भ्रष्टाचार, महाभ्रष्टाचार की श्रृंखला बन गई है उसका कहीं अंत नहीं हो रहा है। महोदया, शेयर घोटाले के समय इस देश की सरकार ने उस समय कठोर कदम उठा लिये होते और अपराधियों को कानून के मुताबिक सरेआम सजा दी होती तो शायद इस देश के अन्दर दूसरे घोटाले नहीं होते। अगर बोफोर्स काण्ड में इन्वाल्व लोगों को देश में लाकर सजा दे दी होती तो शायद यह बैंक काण्ड भी नहीं होता और यदि बैंक काण्ड में भी हमने किसी को सजा ठीक प्रकार से दे दी होती, एक्जम्पलरी ट्रीटमेंट कर दिया होता, पनिशमेंट दे दिया होता तो फिर शुगर स्कैम नहीं होता, हवाला काण्ड नहीं होता, यूरिया काण्ड नहीं होता।

महोदया, आखिर गिरने की सीमा कहीं तो तय होनी चाहिए। मैं मान सकता हूं कि बोफोर्स काण्ड में दलाली दी गई होगी, लोग-बाग दलाली लेते हैं यह मान लिया। मैं

उसकी सपोर्ट नहीं कर रहा हूं, परन्तु इस देश की सभी पार्टियों ने और इस देश के बहुत सारे इन्क्वारी करने वाले लोगों ने माना है कि इसमें दलाली ली गई। महोदया, यहां तो सारा का सारा 133 करोड़ रुपये डकार लिया। माल आना था 133 करोड़ रुपये का लेकिन एक भी पैसे का माल नहीं आया। ये भ्रष्टाचार के बढ़ते हुये कदम हैं जो हमारे देश को चूस रहे हैं, जो हमारे देश का शोषण कर रहे हैं, हमारे देश के धन को न जाने कहां ले जा कर रख रहे है? मैं इस बात पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस देश के अंदर ऐसी स्थिति हो गई है कि एक सौदा किया जाता है, उसका एडवांस दिया जाता है और माल आयेगा एक साल के बाद। पहले कहा गया था कि दो महीने में आ जायेगा लेकिन बाद में कहा गया कि एक साल का अमेंडमेंट कर दिया गया है लेकिन पैसा तुरन्त दे दिया जाता है, उसमें से दलाली का पैसा भी आ जाता है और हमारे देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा इस देश के बाहर चली जाती है और न जाने किन-किन खातों में बंट गई है। महोदया, हमने इस देश के अन्दर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई और यदि हमारे इन लोगों में चाहे वह राजनीतिज्ञ हों, चाहे वह अफसर हों, चाहे सरकारी प्रतिष्ठानों के अधिकारी हों, यदि उन पर रोक नहीं लगाई, उनको चैक नहीं किया गया और यदि उनके घृणित कार्यों की सजा नहीं दी गई तो क्या ये काण्ड रुक सकेंगे? कौन रोक सकता है और कहां रोकेंगे? जिसकी छोटी-बड़ी 14 टांगे हैं यह कहां से रोक पायेगी? जो 260 लोगों की सरकार जीतकर आई थी वह नहीं रोक पायी और जो 424 लोग राजीव गांधी के समय में लोक सभा में जीत कर आये थे, वे भी रोक नहीं पाये तो यह 44 लोगों की सरकार कैसे रोक पायेगी? उस समय राजीव जी को कहना पड़ा कि एक रुपये में से 85 पैसे लोगों की जेब में चले जाते हैं, जनता के पास 15 पैसे पहुंचते है। यह छोटी-बड़ी टांगों की सरकार है, इसकी अगर 14 टांगे समान होतीं तो भी मेरी समझ में आ जाता। लेकिन इसकी कोई टांग तो 143 की बहुत बड़ी है और कोई चार लोगों की टांग बहुत छोटी है तो क्या इसमें कोई समानता है, कहीं इसमें चलने की क्षमता है, यह कैसे चलेगी यह मेरी समझ में नहीं आता है? मेरा सभी सांसद बन्धुओं से निवेदन है कि देश बड़े संकट के दौर से गुजर रहा है। भ्रष्टाचार अपनी सीमा पार कर चुका है और यदि हम और आप नहीं चेतेंगे तो इसके परिणाम हम सबको भुगतने पड़ेंगे। हम सभी सांसदों को ऐसे काण्डों को रोकने का एकजुट होकर संकल्प लेना चाहिए। चाहे वह किसी भी दल के हों, चाहे सरकार किसी की हो, भ्रष्टाचार को रोकने का नैतिक दायित्व हम सभी का है।

महोदया, एक पाइन्ट और है जो मैं आपके सामने निवेदन करना चाहता हूं। जैसा कि मैंने कहा जवाहर लाल नेहरू जी के समय में या लाल बहादुर शास्त्री जी के समय में यदि कोई काण्ड हो जाता था तो मंत्री सीधे जिम्मेवारी लेता था। जब श्री कृष्णा मेनन रक्षा मंत्री थे तो उन पर चार्ज आया कि देश की सुरक्षा के बारे में उन्होंने कुछ गलतियां की हैं। वे नेहरू जी के परम मित्र थे, घनिष्ठ मित्र थे तब भी नेहरू जी को दबाव में आकर उनको हटाना पड़ा, क्योंकि देश की सुरक्षा का सवाल था। देश के अन्दर गड़बड़ी न हो जाये इसका सवाल था। महोदया, इसी प्रकार से आज हमारे सामने सवाल आ गया है।

लेकिन आज हमारे सामने सवाल आ गया है कि किसकी जिम्मेदारी है। इतने हजारों करोड़ रुपये के घोटाले होते हैं, कोई जवाबदेही नहीं है, किसी की एकाउन्टेबिलेटी नहीं है, कोई यह कहने के लिए तैयार नहीं है कि हां, यह मेरे द्वारा हुआ था, इसलिए मुझे सजा दो। अगर हम किसी अपराधी को पकड़ भी लेते हैं तो वह कोर्ट में जाकर, वहां खड़ा होकर कहता है कि वह सच के अलावा कुछ नहीं कहेगा, वहां जाकर कितना झूठ बोलता है यह भगवान जाने। वह साफ मना करता है। यह अजीब स्थिति है। कानून उनको पकड़ नहीं सकता, हमारा प्रशासन उनको पकड़ नहीं सकता। सरकार में उनको पकड़ने की संकल्पशक्ति नहीं है। आखिर इन अपराधियों को कौन पकड़ेगा? यह सारी संसद बैठी रहेगी, सारे संसद सदस्य बैठे रहेंगे, देश का लोकतंत्र बैठा रहेगा, देश की सरकार बैठी रहेगी और इस प्रकार के कांड होते रहेंगे, भ्रष्टाचार के कांड होते रहेंगे, हत्याकांड होते रहेंगे, बलात्कार-व्यभिचार होते रहेंगे और हम चुपचाप बैठे-बैठे देखते रहेंगे। इन चीजों को देखना पड़ेगा।

**श्री मोहम्मद सलीम** (पश्चिम बंगाल) : मैं, रामदास जी, आपके भाषण से बहुत प्रेरित हुआ। भाषण तो हम यहां कर सकते हैं लेकिन इसको किस तरह से करें यह भी हमें देखना पड़ेगा। रामदास जी, राजस्थान में आपकी सरकार चल रही है। वहां के लोग सड़कों पर हैं। वे हुकूमत से सिर्फ ट्रांसपरेंसी कुछ मुद्दों पर चाहते हैं। मैं घोटाला तो नहीं कह सकता, बुरी बात है लेकिन वह ट्रांसपरेंसी चाहते हैं। लेकिन वहां आप यह नहीं करते। वहां के पी.डब्लू.डी. मिनिस्टरी के बारे में जहां ह्यूमन राइट्स संगठन के लोग सड़कों पर हैं। आप ट्रांसपरेंसी चाहते हैं लेकिन अपने काम काज में वहां आपकी सरकार ऐसा नहीं कर रही है। आप उनको तैयार कीजिए।

†شری محمد سلیم: میں رام داس جی اپنے بھاشن سے بہت متاثر ہوا ہوں۔ بھاشن تو ہم یہاں کر سکتے ہیں لیکن اسکو کسطرح سے کریں یہ ہمیں دیکھنا پڑے گا۔ رام داس جی راجستھان میں آپکی سرکار چل رہی ہے۔ وہاں کے لوگ سڑکوں پر ہیں۔ وہ حکومت سے صرف ٹرانسپیرنسی کی مانگ پر جا رہے ہیں۔ میں تھوڑا سا کو نہیں کہہ سکتا بڑی بات ہے لیکن وہ ٹرانسپیرنسی چاہتے ہیں۔ لیکن وہاں آپ یہ نہیں کرتے۔ وہاں کے بی۔جے۔پی۔ ڈی۔ منسٹر کے بارے میں جہاں "مزدور راشٹریہ کمیشن" کے لوگ سڑکوں پر ہیں۔ آپ ٹرانسپیرنٹ کیجئے اپنے کام کاج کو۔ لیکن وہاں آپکی سرکار نہیں کر رہی ہے۔ آپ اسکو تیار کیجئے۔

श्री सुरिन्दर कुमार सिंगला (पंजाब) : वह वहां की सरकार की पार्टी के प्रधान हैं। ये यह कर सकते हैं।

श्री मोहम्मद सलीम : मैंने इसीलिए बोला है क्योंकि वे राजस्थान बी.जे.पी. के प्रधान हैं। ...(व्यवधान)...

†شری محمد سلیم: میں نے اسی لئے بولا ہے کیونکہ وہ راجستھان بی۔جے۔پی۔ کے پردھان ہیں۔۔۔

SHRI SATISH AGARWAL: Mr. Salim, the issue that Mr. Ramdas Agarwal has raised in this House is not concerned with parties.

SHRI MD. SALIM: No, no I do not blame them.

SHRI SATISH AGARWAL: Why are you diverting the whole issue to Rajasthan, to West Bengal. He has not referred to the scandal of WAKF properties in Bengal. He is not referring to that.

SHRI MD. SALIM: This is right. It is not true. That is why we have asked for a judicial enquiry.

SHRI SATISH AGARWAL: So it is across party barriers.

†[ ]Transliteration in Arabic Script

SHRI MD. SALIM: We have seen the list in the Hawala *Kand* across party lines.

SHRI SATISH AGARWAL: So is his premises of argument.

श्री रामदास अग्रवाल : महोदया, मैंने प्रारंभ में ही यह निवेदन किया था कि मैं किसी के ऊपर डाइरेक्ट किसी तरह का लांछन लगाने के लिए खड़ा नहीं हुआ हूं। कहने के लिए तो बहुत कुछ हो सकता है। मेरे पास भी बहुत मैटीरियल है। बंगाल सरकार के बारे में भी और बाकी सरकारों के बारे में भी। लेकिन मैं आज विशेषरूप से केवल संसद में एक आम सहमति का भाव पैदा करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं इस भावना के लिए आप सबका आभारी हूंगा। इस पर कोई राजनीति की बू नहीं आनी चाहिए ऐसा मैं चाहता हूं। मैं यहां पर किसी के ऊपर आक्षेप लगाने के लिए नहीं बोल रहा हूं। मैं कुछ ऐसे मुद्दे आपके सामने बड़ी विनम्रता के साथ रखना चाहता हूं जो बहुत महत्वपूर्ण हैं। अगर हमें इस देश में आर्थिक परिवर्तन लाकर इस देश का निर्माण करना है, प्रजातांत्रिक माध्यम से करना है, प्रशासनिक मशीनरी के माध्यम से करना है तो आप और हम सब को मिलकर इसे करना है। लेकिन अगर हम कलमुंहे कहलायें, हमारे ऊपर आक्षेप होते रहें, आरोप लगते रहे और हर गली कूचे में आदमी जाने-अनजाने में हम पर बेईमानी के आरोप, बेबुनियाद आरोप लगाते रहें तो आपका और हमारा चेहरा कहां से उजला रहेगा। अगर हमें अपना चेहरा उजला रखना है - मैं दूसरे विषय पर आ रहा था लेकिन आपने बीच में बोल दिया।

मैं यह कहना चाहता हूं और पहले मैंने आपके सामने निवेदन किया कि एकाउन्टेबिलिटी आज इस देश के अंदर नहीं है। अगर कोई भी सरकारी अफसर चाहे वह किसी कंपनी का मैनेजिंग डाइरेक्टर हो, चेयरमैन हो या और कोई भी अधिकारी रहा हो, चाहे परचेज मैनेजर हो चाहे कोई हो, अगर उस व्यक्ति का ट्रांसफर हो जाता है तो जो कुछ भी गड़बड़ियां उसके कार्यकाल में हुई हैं, उसकी जिम्मेदारी उसी पर थोपी जानी चाहिए। अभी परसों ही उज्जैन में इतने लोग मरे। मेरी यह बात समझ में नहीं आई कि इसके लिए जो जिम्मेदार अफसर था उसका केवल ट्रांसफर हुआ। इतने लोग मर गए और आफिसर का ट्रांसफर हो गया और वह ट्रांसफर भी अगर उज्जैन से बड़ी जगह पर हो गया हो तो उसको रिवार्ड मिल गया। यह माजरा क्या है? आखिर इतने लोग मरे तो उसके लिए आपने कदम तो उठाने चाहिए थे कि आगे भविष्य में कोई इस तरह न कर सके।

ऐसी अव्यवस्था के कारण कोई आदमी अपनी जान न दे दे, तीर्थ यात्रा करने गया आदमी वहां मर जाए, इससे ज्यादा शर्म की बात सरकार के लिए क्या होगी? क्यों नहीं व्यवस्था की जा सकती थी? लेकिन ट्रांस्फर से अकाऊंटेबिलिटी नहीं होती। मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि अकाऊंटेबिलिटी का मतलब है जब तक वह जिन्दा है तब तक उसके ऊपर किये गये काले कारनामे की जिम्मेदारी रहेगी और उसको तब तक सज़ा दी जाएगी जब तक वह नौकरी में रहेगा या ज़िन्दा रह कर पेंशन लेता है। पूरी अकाऊंटेबिलिटी होनी चाहिये। उसको छोड़ नहीं देना चाहिये। उसको ट्रांस्फर नहीं कर देना चाहिये। जे.पी. सी. में बहुत लोगों को ट्रांस्फर कर दिया गया। यूरिया कांड में जो सारे लोग शमिल थे उनमें से दो-चार को पकड़ लिया और बाकी लोगों का छोड़ रखा है। जिनके ऊपर अकाऊंटेबिलिटी होनी चाहिये, यह ऐसे मुद्दे है। यदि अकाऊंटेबिलिटी निर्धारित नहीं की गई तो कोई भी कांड होगा उसकी जिम्मेदारी न मंत्री लेगा, न सांसद लेगा, न एम.एल.ए. लेगा, न मुख्य मंत्री लेगा और राजनीतिक लोग पकते चले जाएंगे, राजनीतिक लोग अपना अखाड़ा चलाते रहेंगे, अपनी नेतागिरी चलाते रहेंगे, लोग मरते रहेंगे भ्रष्टाचार में। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं महोदया कि आखिर अकाऊंटेबिलिटी के बारे में संसद को निर्णय करना है। दूसरी बात जो आपके सामने सलीम साहब ने कहा, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि कोई भी राज्य सरकार हो या कहीं पर भी काम करने वाले लोग हों, अगर कहीं पर भ्रष्टाचार होता है तो राज्य सरकार उससे निबटने के लिए सक्षम हो सकती है, उनके यहां मेकेनिज्म होगा लेकिन यदि कोई ऐसा बड़ा चार्ज आता है तो केन्द्र में भी इसके बारे में जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही के लिए कदम उठाया जा सकता है। सबके लिए यह खुला हो। सब को बचाने की कोशिश नहीं करनी चाहिये।

दूसरी बात मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि आज राजनीति का अपराधीकरण हो गया है। इस राजनीति को अपराधियों ने छा दिया है, उस पर कब्जा कर लिया है। महोदया, एक दिन आएगा अगर हमने अपराधियों को संसद में आने से नहीं रोका, अगर हमने कानून नहीं बनाया, अगर हमने संविधान के अन्दर परिवर्तन नहीं किया तो फिर अपराधी जीत सकता है, लड़ सकता है। चुनाव लड़ता है तो जीत भी सकता है। जीत सकता है तो सांसद बन सकता है। जब वह सांसद बन जाएगा तो मंत्री भी बन सकता है। कौन रोक सकता है? मैं चुने हुए सांसद के बारे में नहीं कह सकता कि कल यह एक डाकू था। मैं नहीं कह सकता, मुझे नहीं कहना चाहिये क्योंकि वह मेरा सहयोगी है।

**श्री मोहम्मद सलीम:** वह अगर पकड़ा जाए, जेल में चला जाए तो उसकी पत्नी को टिकट दे देते हैं ... (**व्यवधान**)...

†श्री मोहम्मद सलीम: वह अगर पकड़ा जाए, जेल में चला जाए तो उसकी पत्नी को टिकट दे देते हैं ... (व्यवधान)...

**श्री रामदास अग्रवाल:** यह भी ठीक है यानि हम रिवार्ड देते हैं। पति जेल में और पत्नी पार्लियामंट में, यह कौन सा हिसाब है? (**व्यवधान**) पति जेल में और पत्नी पार्लियामेंट में, वही तो मैं कह रहा हूं। यह कोई न्याय नहीं है। यह कोई अच्छी व्यवस्था नहीं है। यह कोई आदर्श व्यवस्था नहीं है जो हमारे देश में स्थापित होनी चाहिये। आज जो सब से बड़ी कमज़ोरी है कि अपराधी लोग हम पर हावी हो रहे हैं, अपराधी लोग राजनीति को कब्जे में कर रहे हैं। मैं समझता हूं आप और हम सब इस बात के भुक्तभोगी है। अगर कोई अपराधी सलीम साहब का है तो वह अपराधी नहीं है और अगर कोई मेरे साथ है तो वह अपराधी है। यह हिसाब हो गया है आज कल इस देश के अन्दर राजनीति में। अपराधी की परिभाषा बदल गई है। अगर वह कांग्रेस का है तो अपराधी नहीं है उसके राज में और बी.जे.पी. का है वह बी.जे.पी. के राज में अपराधी नहीं है। ऐसे उदाहरण हमारे यहां आपको कम मिलेंगे, बाकी जगह ज्यादा मिलेंगे। लेकिन ऐसा हो रहा है। (**व्यवधान**)

**श्री मोहम्मद सलीम:** इस सर्टिफिकेट पर आप खुद ही सिग्नेचर कर रहे हैं (**व्यवधान**)

†श्री मोहम्मद सलीम: इस सर्टिफिकेट पर आप खुद ही सिग्नेचर कर रहे हैं (व्यवधान)

**श्री रामदास अग्रवाल:** ऐसा हो रहा है सलीम साहब। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इसको रोकिये। चाहे आप रोकें, चाहे मैं रोकूं, हम मिल कर रोकें। इन अपराधियों को संसद में आने से रोकना चाहिये। हमें ऐसा कहने का दुर्भाग्यपूर्ण अवसर नहीं आना चाहिये कि मेरे सामने बैठा हुआ सांसद किसी बलात्कार केस का अपराधी है, ऐसा मौका नहीं आना चाहिये कि मेरे सामने बैठा हुआ मिनिस्टर कोई हत्या का जिम्मेदार है। ऐसे मौका आने से हमें शर्म आती है, हमें लज्जा का अनुभव होता है। हम अपने सहयोगी के बारे में इस प्रकार का उच्चारण करें मुझे तो कम से कम बड़ा लज्जास्पद लगता है। इसलिए मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इन सारी बातों के बारे में कभी संसद में गम्भीरता से विचार होना चाहिये। मेरा यह

†[ ]Transliteration in Arabic Script

प्राइवेट मैम्बर्स रेज़ोल्यूशन है लेकिन यह मेरा अपना नहीं है, मैं तो विचार रख सकता हूं। हो सकता है कुछ विचारों से मेरे सांसद बंधु पूरी तरह सहमत न हों लेकिन मेरी छोटी सी भावना है कि यदि देश का निर्माण करना है, देश का भविष्य उज्जवल बनाना है, देश को यदि मजबूत और स्वावलम्बी बनाना है, देश को बलवान, शक्तिशाली और समृद्धशाली बनाना चाहते हैं तो नैतिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए संसद को निश्चित रूप से कदम उठाना पड़ेगा वरन् इस देश की जनता सब से निपटना जानती है। हम सब से भी निपट लेगी। फिर हम न जाने कहां-कहां डोलते फिरेंगे। कोई कहां होगा, कोई कहां होगा।

हम तो आजकल ऐसी बातों में डूबे हुए हैं कि हम तो डूबेंगे सनम तुमको भी ले डूबेंगे। राजनीति ऐसी चल रही है कि अगर मेरे ऊपर चार्ज लगाया गया है तो मेरे प्रधान मंत्री पर कैसे न लगे। अगर मेरे ऊपर चार्ज लगाया गया है तो मेरे सहयोगी मंत्री कैसे बच जाएं। एक दूसरे पर कीचड़ उछालना, एक दूसरे पर इतना हल्का कीचड़ उछालते हैं महोदया कि कई बार तो लज्जा आती है। मैंने जैसे निवेदन किया था कि जब मैं संसद में आया था मुझे गौरव का अनुभव हो रहा था। लेकिन मैं कई बार ऐसा भी सोचता हूं कि आखिर हम सब इतने बुद्धिमान है, हमारी कम्युनिस्ट पार्टी के अन्दर, सी.पी.आई (एम) के अंदर इतने बुद्धिमान डाक्टर लोग हैं, युनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स लोग हैं, इतने लोग यहां पर हैं, जनता दल के अंदर बहुत कम नहीं तो बहुत सारे तो बुद्धिमान होंगे ही होंगे, उनकी बुद्धिमत्ता का परिचय तो मुझे प्राप्त करना पड़ेगा लेकिन होंगे जरूर क्योंकि आखिर वह बड़ा दल है। लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं...

**एक माननीय सदस्य :** फिक्र नहीं कीजिए मिल जाएंगे।

**श्री रामदास अग्रवाल :** मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि यदि हमको इस देश के अंदर अपराधियों को रोकना है राजनीति में आने से, यदि हमें देश के अंदर भ्रष्टाचार को समाप्त करना है, इन कांडो को समाप्त करना है, इस देश को बलवान और शक्तिशाली बनाना है तो महोदया, मेरे कुछ सुझाव हैं जो मैं आपके सामने रखकर अपनी बात को समाप्त करना चाहता हूं। मैं ऐसा निवेदन करना चाहता हूं अपने इस संकल्प के माध्यम से कि संसद यह संकल्प करे कि लोकपाल विधेयक बिल जो आए उसको एक्जास्टिव बनाया जाए ताकि ऐसा कोई व्यक्ति इससे न छूटे, इसकी पकड़ से मुक्त न हो सके। यह मेरा पहला सुझाव है महोदया। मेरा दूसरा सुझाव है कि प्रशासनिक मशीनरी को भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए भ्रष्टाचार निरोध कानून को और भी अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए ताकि यह प्रशासनिक मशीनरी किसी भी प्रकार से उसकी पकड़ से बाहर न हो पाए। यह जरूरी होगा ताकि उन पर भी और नियंत्रण लगाया जा सके और भ्रष्टाचार को कम किया जा सके। यह मेरा दूसरा सुझाव है। महोदया, जो मेरा तीसरा सुझाव है वह यह है कि जो निर्णय विधायिका कर सकती है, जो निर्णय प्रशासन को करने चाहिए वे निर्णय उनको करने ही चाहिए। लोगों को कोर्टों में जाने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। विधायिका को अपनी जिम्मेदारी पूरी करने के लिए उस पर भी कोई न कोई ऐसा अंकुश लगाया जाए कि वह निर्णय अंकुश लगाया जाए कि वह निर्णय ले और निर्णय लेने के बाद अगर कोई कोर्ट में जाए तो जाए। वह अलग बात है। लेकिन सरकारी अनिर्णयों से, इनडिसिजन के कारण जो कोर्ट में जाते हैं यह गलत है और चौथी बात मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जो मंत्री या अधिकारी है उनकी एकाऊंटेबिलिटी हो। जैसा मैंने आपसे निवेदन किया कि उनकी एकाऊंटेबिलिटी के लिए कोई कानून बनाया जाना चाहिए ताकि जब भी कोई भ्रष्टाचार होता है, उनके जाने के बाद भी पकड़ा जाता है तो उन पर भी अंकुश लगाया जा सके। यह मेरा चौथा सुझाव है। पांचवा सुझाव महोदया मेरा यह है कि सार्वजनिक रूप से भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जाते हैं। आज महोदया हर कोई व्यक्ति राजनीतिज्ञ बेचारे को सीधा-साधा मानता है और चाहे जो उसके ऊपर कीचड़ फेंक देता है। इसको भी कहीं पर रोकना होगा। किसी अखबार में कोई मनचाहा, बेबुनियाद आरोप लगा देते है। उस आरोप को कैसे रोका जाए इसके लिए भी कोई व्यवस्था की जानी चाहिए कि वह कम से कम प्रथम दृष्टया अगर कोई आरोप है और वह साबित होता है तब तो वह प्रकाश में आए फिर वह जनता के बीच में जाए। लेकिन केवल अनुमान के आधार पर अखबार की टेबुल पर बैठकर आरोप लगा दिए जाएं या फिर किसी भी छोटे मोटे व्यक्ति के द्वारा राजनीतिज्ञों पर जो कीचड़ उछाला जाता है उस पर भी नियंत्रण करने की आवश्यकता है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रकार की कोई मशीनरी कायम की जाए जो प्रथम दृष्टया जो अपराध होता है या भ्रष्टाचार होता है राजनीतिज्ञों का उसके बारे में जांच कर सके और जांच होने के बाद यदि उसमें दोष है तो उसको सजा दी जाए उस पर मुझे कुछ नहीं कहना है। ये पांच सुझाव मैंने आपके सामने रखे हैं।

मैं अंत में अपने सभी सांसद महानुभावों से और आपसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि मेरे अंतकरण की भावनाओं को देखते हुए देश के उत्थान और देश की प्रगति के लिए, देश के नव निर्माण के लिए आप मेरे सुझावों पर विचार

करें। इतना ही निवेदन करते हुए मैं यह रिजोल्यूशन सदन के सामने प्रस्तुत करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री बनारसी दास गुप्ता** (हरियाणा) : मैं आपकी बिना इजाजत के बोलने की धृष्टता कर रहा हूं। दो शब्द कहना चाहता हूं और वे यह है कि रामदास जी अग्रवाल ने जो प्रस्ताव रखा है वह देश की आज ज्वलंत समस्या है। उन्होंने देश की दुखती हुई रग के ऊपर हाथ रखा है। यह दलगत राजनीति की बात नहीं है। यह आरोप-प्रत्यारोप की बात नहीं है। मैं अग्रवाल साहब की भावनाओं की कद्र करता हूं। क्योंकि मैं एक स्वतंत्रता सेनानी रहा हूं इसलिए मैं बधाई देता हूं श्री रामदास अग्रबाल जी को जिन्होंने ऐसे संकल्प को यहां प्रस्तुत किया है जो कि आज देश की बड़ी भारी ज्वलन्त समस्या है। मैं सभी संसद् सदस्यों से प्रार्थना करता हूं कि इस प्रस्ताव को पारित करे और सब को मिलकर कोई ऐसा संकल्प करना चाहिए कि इस देश की जो स्थिति भ्रष्टाचार से बुरी हो चुकी है इसको हम ठीक कर सकें। धन्यवाद।

**उपसभाध्यक्ष (कुमारी सरोज खापर्डे)** : बनारसी दास जी बहुत-बहुत धन्यवाद, आपने इस प्रस्ताव का स्वागत किया। आपके साथ-साथ हम सभी लोग इसमें शमिल हैं कि दल से उपर उठ कर कुछ चर्चा इस विषय में होना बहुत जरूरी है।

DR. D. VENKATESHWAR RAO (Andhra Pradesh): Madan Vice-Chairperson, I rise to support the Resolution moved by Shri Ramdas Agarwal. Actually, there is a separate Resolution listed for today against my name at No.2, and the contents of my Resolution are similar to those in the Resolution moved by Shri Agarwal. So, I also share his views.

A few years back whenever we came across a scam or a corruption case, the amount involved used to be in thousands of rupees. Sometime later it used to be in lakhs and a little later in crores. Now these scams have become routine matters. They are not in one or two crores. Now a scam involves Rs 50 crores, Rs 100 crores, one or two thousand crores or more. This is the kind of atmosphere which is prevailing in the country. And at whose cost?

Very recently it was stated by somebody that to be involved in a scam has now become a status symbol. But at whose cost? Thousands of crores are being pocketed and high level people are involved, but at whose cost? Even after 49 years of Independence, it is at the cost of the po man, the poor man who cannot get a full me to fill his stomach, the poor man who cann get a shelter for himself, the poor man wh cannot get the benefits of education, health ar so on, the poor farmer whose sweat is feedir this country. It is at the cost of the poor peop that these scams are taking place.

If you go through the recent scams, you w get a lot of details. I have got a big list of scan which occurred in the recent past. Here is on for instance: "165 million bank sca unearthed." This is dated May 24. "Huge ca deposits were made in the banks of Bombay Indian rupees. Forged documents, fabricat customs clearance certificates and bills of ent were produced, showing imported roug diamonds and computer parts." "Rs. 550 cror was funnelled abroad officially through th accounts of the Hongkong and Shanghai Bank

*4.00 P.M.*

"Rs. 100 crores were siphoned off fro Calcutta banks". This is another scam. Th Allahabad Bank, the Bank of Baroda and th Punjab National Bank were involed siphoning off of these Rs. 100 crores.

Another scam was the Rs. 400 crore Ranc land scam. Morethan 100 acres of primary lar in Ranchi town was illegally transferred several individuals.

There was the molasses scam in U.P. hundred cattle-feed firms of Uttar Prades allegedly diverted their entire allotted stocl of molasses to distilleries at exorbita blackmarket rates.

Nineteen cases of medical scams are to b probed. There was the Rs. 50 crore medic scam in Delhi.

Also, there were violations by satellite T companies of the FERA regulations. Two doze TV channels are reportedly paying millions dollars towards transponders' rental to foreig companies in hard currency.

There is the Nadia scam. This is a land scar

So many scams are of recent origin. W know other areas where scams have taken plac For example, there is the recent Rs. 133 cror urea scam. At whose cost? During that perio

the poor farmer was running around for urea. He purchased it in the blackmarket. But Rs. 133 crores were sent away from our country without the RBI permission by involving the political as well as the official machineries.

There is the animal husbandry scam in Bihar. This is also in front of us.

The other scams are: There was the Rs. 5,000 odd crores bank scam in which the hard earnings of so many poor and middle classes put in banks were involed.

In these areas, the JPC was constituted. The JPC gave some recommendations. After that, the Action Taken Report was given. Even then, the culprits were not caught. Lakhs and lakhs of small people, poor and middle class people were affected. Their hard-earned money was lost.

Coming to other scams, regarding the Hawala Scam,we all know very well that in 1991 the CBI found the Jain diary while raiding the Jain houses, but in 1994 some third party filed a petition, and the CBI was asked to produce the Jain diary before the Supreme Court. At that time many people were involved in it.

We all know how exactly these scams were going on.

In the same manner, if we come to other Departments, for example, the Railways, we all know that in 1994 the Consultative Committee and other committees of the Railway Department opposed the purchase of 5,000-HP engines from foreign companies like the ABB etc. Even then, the Government at that time refused to accept the recommendations of these committees, and it went on purchasing railway engines and railway wagons at higher prices. If the normal price was Rs. 5,000, it purchased it for Rs. 10,000 to Rs. 15,000.

Likewise, there have been so many other scams. They have been there everywhere, in every department. We are seeing that petroleum and petroleum product consumption has been increasing day by day. At present we require one million gallons of petroleum and crude petroleum products every day. Previously the country's requirement was less than this. At that time we imported 40 per cent of our requirement. Now we are importing 50 per cent of our present requirement. By the end of the century, we will be consuming two million gallons of petroleum products every day. What would be our import requirement at that time? At present we are spending 30-40 thousand crores of rupees in foreign exchange to purchase the crude and oil products. Now we have increased the price of these products at the cost of the poor man who has been suffering since long. The ONGC and other connected departments are not taking care of the real situation that is obtaining in the country. Nor do they have any plans about the availability of oil and oil products wealth in the country. They could not explore them properly. They are working just for the sake of a few individuals who are exploiting the whole wealth of the country for their own benefit.

In the same manner we know how much power generation is needed. We also know how private parties are coming and quoting their prices for setting up power projects. For example, while the State Electricity Boards are constructing power projects at a cost of Rs. 2/- crores per mega watt of power, private parties are quoting Rs. 4/- crores to Rs. 5/- crores per mega watt. For example, the Vizag-Hinduja Project, the Dabhol Project, the Cogentrix Project, which I have come across, are having their power purchase agreements, which are much higher.

